सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7666	19.08.2023	22.08.2023	Agra Uttar Pradesh	www.bhaskar.com/Hindi https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/agra/news/health-of-15-passengers-deteriorated-in-kota-patna-express-two-died-six-hospitalized-a-group-of-90-devotees-came-from-raipur-131713221.html
Title:	**A group of 90 devotees was going to Mathura by Kota-Patna Express; 15's health deteriorated after eating food**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Agra, SSU- Uttar Pradesh			

आगरा में कोटा- पटना एक्सप्रेस में रविवार को बड़ी घटना हो गई। फूड प्वाइजनिंग से 15 यात्रियों की तबीयत बिगड़ गई। उल्टी-दस्त होने लगा। समय से इलाज नहीं मिलने से चलती ट्रेन में दो यात्रियों की मौत हो गई।

यात्रियों ने कंट्रोल रूम को ट्रेन में जहर खुरानी की सूचना दी। ट्रेन आगरा पहुंची तो यात्रियों को अटेंड किया गया। डॉक्टर ने दो यात्रियों की मौत होने की पुष्टि की, जबकि छह यात्री गंभीर है। इन्हें रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ के रायपुर के रहने वाले 90 श्रद्धालुओं का दल 14 अगस्त की रात को वाराणसी के लिए निकला था। सभी लोग 15 अगस्त को वाराणसी पहुंचे। यहां पर काशी विश्वनाथ के दर्शन करने के बाद सभी लोग 19 अगस्त की शाम को कोटा-पटना एक्सप्रेस से मथुरा के लिए रवाना हुए।

सभी लोग एस-1, एस-2 और एस-3 बोगी में सवार थे। यात्रा कर रहे जयराम नैनवानी ने बताया कि रात में अपना लाया खाना खाया था। करीब नौ बजे से उनके ग्रुप के सदस्यों की तबीयत बिगड़ने लगी। उनको उल्टियां शुरू हुई। कुछ ही घंटों में करीब 15 से 20 सदस्य उल्टी और लूज मोशन की शिकायत करने लगे।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.
Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

रात का समय था, ऐसे में उनके पास जो भी दवाइयां थीं, उन्हें दी गई। इसके बाद सुबह तक उन्हें आराम नहीं मिला। लगातार उनकी तबीयत खराब हो रही थी। ऐसे में उन्होंने मदद के लिए रेलवे के नंबर पर कॉल किया। आगरा कैंट पर ट्रेन पहुंचने पर उन्हें मदद दी गई।

दो यात्रियों की मौत

आगरा कैंट स्टेशन पर ट्रेन के रुकते ही यात्री नीचे उतरे। सूचना पर रेलवे हॉस्पिटल की टीम भी मौजूद थी। डॉ. अवंतिका सिन्हा ने बताया कि उन्होंने ट्रेन को अटेंड किया था। उस समय एक महिला यात्री का मौत हो चुकी थी।

दूसरा यात्री गंभीर था, जब तक उनको हॉस्पिटल लेकर आते, उनकी भी मौत हो गई। बाकी करीब 12 यात्री ऐसे थे, जिन्होंने तबीयत खराब होने की बात कही थी। इसमें एक महिला बेहद गंभीर है, उसे एसएन मेडिकल कॉलेज में रेफर किया गया है। बाकी के पांच यात्री जिसमें चार महिला और एक पुरुष है, उनका इलाज रेलवे हॉस्पिटल में चल रहा है।

इनकी हुई मौत

रायपुर की रहने वाली कुमारी बाई और रामा निषाद की मौत हो गई है। वहीं, लोकेश्वर यादव, प्रभा बाई, रंभा बाई साहू और सोनिया बघेल का इलाज रेलवे हॉस्पिटल में चल रहा है। प्रथम दृष्टया डिहाइड्रेशन का मामला लग रहा है। वहीं, आगरा रेल मंडल की पीआरओ का कहना है कि जहरखुरानी का मामला नहीं है। डिहाइड्रेशन के चलते यात्रियों की तबीयत बिगड़ी है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC